RCSE

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017

दूरभाषः 0141–2709846, E-mail: nsqf.raj@gmail.com

क्रमांकः–रामाशिप / जय / V.E-RBSE / 2017 / 7864 दिनांकः– 01 / 11 / 2017

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) एवं
पदेन जिला परियाजना समन्वयक
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,
समस्त जिलें।

व्यावसायिक शिक्षा अति आवश्यक

विषयः– व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2018 कक्षा–9 (प्रथम स्तर) तथा कक्षा–11 (तृतीय स्तर) ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु।

सन्दर्भः– सचिव,माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमाक–सैल–8 / 2017 / 22 दिनांक 26.10.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,राजस्थान, अजमेर द्वारा दिनांक 26.10.2017 को व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2018 कक्षा–9 (प्रथम स्तर) तथा कक्षा–11 (तृतीय स्तर) हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। विज्ञप्ति के अनुसार वे सभी विद्यालय जहाँ व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जा रहा है, उन्हें परीक्षार्थियो के आनॅलाइन आवेदन पत्र दिनांक 10 नवम्बर 2017 (मध्यरात्रि) तक भरे जाने आवश्यक है। शाला प्रधान बोर्ड की बेबसाइट **WWW.rajeduboard.rajasthan.gov.in** के व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा– 2018 कक्षा 9 (प्रथम स्तर) तथा कक्षा–11 (तृतीय स्तर) के लिंक पर पूर्व प्रदत्त लॉगिन आई डी एवं पासवर्ड की सहायता से (लॉगिन) करके आवेदन पत्र भरे जाने है। विद्यालयो के परीक्षार्थियो के परीक्षा आवेदन पत्र विज्ञप्ति के अनुसार ऑनलाइन भरे जाने है।

सभी संस्था प्रधान आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थियो की जाति कोड का सही–सही उल्लेख करे क्योकि परीक्षा आवेदन भरने के उपरान्त इसमें कोई संशोधन नही किया जायेगा।

अतः जिले में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयो के संस्थाप्रधानो को उपरोक्तानुसार आनॅलाइन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय अग्रेषण सूची सहित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय को अविलम्ब स्पीड पोस्ट से प्रेषित करने बाबत् निर्देशित करावें।

सलग्नः– सुलभ सन्दर्भ हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति की छाया प्रति।

(आनन्दी)
आई0ए0एस
राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
जयपुर।

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

01. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
02. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
03. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
04. उपनिदेशक,शालादर्पण, रामाशिप जयपुर को बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
05. नियंत्रक वित्त, रामाशिप, जयपुर।
06. अति0 जिला परियोजना समन्वयक समस्त जिलो को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित समयावधि में परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने हेतु संबधित को आदेशित करावें।
07. रक्षित पत्रावली

राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
जयपुर।

www.rajteachers.com

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2018 कक्षा IX (प्रथम स्तर) तथा कक्षा XI (तृतीय स्तर) हेतु आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने बाबत।

क्रमांक : सैल–8 / 2017 / 22 दिनांक : 26.10.2017

व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2018 कक्षा IX (प्रथम स्तर) तथा कक्षा XI (तृतीय स्तर) हेतु आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरवाये जाने है। वे सभी विद्यालय जहाँ व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जा रहा है उन्हें परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.11.2017 (मध्यरात्रि) तक भरे जाने आवश्यक है।

शाला प्रधान बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in के व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2018 कक्षा IX (प्रथम स्तर) तथा कक्षा XI (तृतीय स्तर) के लिंक पर पूर्व प्रदत्त Login ID एवं password की सहायता से (लॉगिन) करके आवेदन पत्र भरे। विद्यालय के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जाने हैं। ये आवेदन–पत्र अपने पास पूर्व में भरे हुए हस्तलिखित आवेदन–पत्रों के आधार पर भरे जायेंगे। आवेदन पत्र भरते समय जाति कोड का सही–सही उल्लेख करें। बाद में इसमें कोई संशोधन नहीं किया जायेगा। सरकारी विद्यालयों के नियमित परीक्षार्थियों का नाम, पिता का नाम, माता का नाम तथा जन्म तिथि उनके शाला दर्पण के क्रमांक से स्वतः दर्ज होगा। उसमें यदि कोई संशोधन अपेक्षित हो तो पहले शाला दर्पण पर संशोधन करावे उसके पश्चात ऑनलाइन आवेदन करे।ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड कापी मय अग्रेषण सूची सहित संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय को अविलम्ब स्पीड पोस्ट से प्रेषित करे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी अन्य जानकारी हेतु कार्यालय समय में दूरभाष 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव

www.rajteachers.com